>

Title: Regarding flood situation in Rajasthan.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज राजस्थान में बड़ी भारी बाढ़ आयी है, इससे पहले अकाल पड़ा था। यहां कृषि मंत्री जी विराजमान हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि राजस्थान की स्थिति बहुत नाजुक हो चुकी है। आपने टीवी में देखा होगा कि हमारे पाली संसदीय क्षेत्र से 600 किसान चले गये हैं।

हमारे संसदीय क्षेत्र में छह किसान मर गए हैं। राजस्थान में इतना पानी चल रहा है कि पता ही नहीं लग रहा है कि हमारी जमीन है या नहीं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए सात हजार करोड़ रुपया देंगे, तो राजस्थान की क्षतिपूर्ति हो सकती है। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं।